राज्यपाल सचिवालय, बिहार
राजभवन, पटना–800022
प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने 'कारगिल विजय दिवस' के अवसर पर अमर शहीदों का सादर स्मरण किया

पटना, 26 जुलाई 2017

महामहिम राज्यपाल श्री केशरी नाथ त्रिपाठी ने 'कारगिल विजय दिवस' के अवसर पर गाँधी मैदान, पटना के पूर्वी उत्तरी छोर पर निर्मित शहीद–ए–कारगिल स्मृति स्थल पर माल्यार्पण कर कारगिल के अमर शहीदों को नमन किया। इस मौके पर माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास एवं संसदीय कार्य विभाग, बिहार श्री श्रवण कुमार ने भी अमर शहीदों को अपनी श्रद्धा निवेदित की।

उक्त अवसर पर आयोजित राजकीय समारोह में जन–प्रतिनिधिगण, सामाजिक–राजनीतिक संगठनों के पदाधिकारियों/प्रतिनिधियों, गणमान्य व्यक्तियों, प्रशासनिक अधिकारियों आदि ने भी शहीदों को नमन किया।

कार्यक्रम में सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा देशभक्तिपूर्ण गीतों के गायन प्रस्तुत किये गये।

....